राजस्थान सरकार
वित्त (राजस्व) विभाग

क्रमांकः प.1(1)वित्त/राजस्व/2021 जयपुर, दिनांकः 08.04.2026

:: आज्ञा ::

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं (संयुक्त प्रतियोगी) परीक्षा–2023 में राजस्थान लेखा सेवा में चयनित अभ्यर्थी श्रीमती ऋचा भाटी को, वित्त (राजस्व) विभाग के आदेश क्रमांक प.1(9)वित्त/राजस्व/2026 जयपुर, दिनांक 20.03.2026 में राजस्थान लेखा सेवा में परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है।

श्रीमती भाटी द्वारा पूर्व में ही राज्य सेवा का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए जाने के कारण ह0च0मा0 रीपा, जयपुर में सांस्थानिक प्रशिक्षण प्रारम्भ होने तक, इन्हें अतिरिक्त कोषाधिकारी, कोषालय, टोंक के रिक्त पद पर संलग्न (attach) किया जाता है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(पवन जैमन)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. विशिष्ट सहायक, मा0 उप मुख्यमंत्री महोदया, वित्त।
2. महानिदेशक, ह0च0मा0 रीपा, जयपुर।
3. उप सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त।
4. उप सचिव, शासन सचिव, वित्त (राजस्व)।
5. संबंधित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष।
6. सिस्टम एनालिस्ट, वित्त (कम्प्यूटर प्रकोष्ठ) विभाग।
7. संबंधित कोषाधिकारी।
8. संबंधित प्रशिक्षणार्थी।
9. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव